लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 1472
उत्तर देने की तारीखः 07.12.2021

केंन्द्र-प्रायोजित योजनाएं

1472. श्री कुंवर दानिश अली:
श्री गिरीश चन्द्र:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कितनी केंन्द्र-प्रायोजित योजनाएं चल रही हैं;
(ख) क्या सरकार इन योजनाओं की संख्या कम करने या कुछ योजनाएं बंद करने पर विचार कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का लाभार्थियों में सामाजिक क्षेत्र की कल्याणकारी योजनाओं की सामाजिक समीक्षा करने का विचार है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और
(ड.) सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं के सुचारू कामकाज पर इसके प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
(डॉ वीरेन्द्र कुमार)

(क) और (ख): सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के ब्यौरे **अनुबंध** में संलग्न हैं।

(ग) से (ड.): वर्ष 2021-22 से शुरूआत करके, सभी स्कीमों के परिणामों को लेकर और कार्यान्वयन में सुधार के तरीके खोलकर इसे हितधारकों के साथ सामाजिक लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए प्रोग्राम किया गया है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 07.12.2021 को उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1472 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	कार्यक्रम/स्कीम
1.	कक्षा IX और X में अध्ययनरत अनुसूचित जाति छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
2.	अनुसूचित जाति छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
3.	सफाई और स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण व्यवसायों में लगे व्यक्तियों के बच्चों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्तियां
4.	बालकों के लिए बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना
5.	प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना
6.	सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) (पीओए) अधिनियम, 1989 के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए केंद्रिय सहायता
7.	अनुसूचित जाति विकास निगमों (एससीडीसी) को सहायता
8.	ओबीसी विद्यार्थियों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
9.	ओबीसी विद्यार्थियों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
10.	ओबीसी बालक एवं बालिकाओं के लिए छात्रावास का निर्माण
11.	आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
12.	विमुक्त और घुमंतू जनजातियों (डीएनटी) के छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति संबंधी डॉ. अंबेडकर स्कीम
13.	डीएनटी बालकों और बालिकाओं के लिए छात्रावासों के निर्माण संबंधी नानाजी देशमुख स्कीम
14.	राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक कार्य योजना
15.	ड्रग्स की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना

******